13. A Committee set up by this Ministry to look into the issues related to illegal trade in wildlife and wildlife products has recommended specific measure to deal with this problem which has been referred to State Governments for their comments and necessary actios.

बेतवा नदी में प्रदूषण

3566. श्री राघवजी : क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश में विदिशा के निकट बेतवा नदी में प्रदूषण का प्रमुख कारण यह है कि शहर की सीवर लाइन का पानी सीधे उस नदी में गिरता है;

(ख) क्या राज्य-सरकार ने इसके निराकरण की कोई योजना तैयार की है तथा केन्द्रीय सरकार के समक्ष उसे प्रस्तुत किया है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा उस पर क्या कार्यवाही की गई है; और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) जी, हां विदिशा के अनुपचारित अपशेष जल का बेतवा नदी में निस्तारण इसके प्रदूषण का मुख्य कारण है।

(ख) राज्य सरकार से नदी के प्रदूषण निवारण के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिसमें अल्प लागत स्वच्छता, विकसित शवदाहगृह तथा ठोस अपशेष प्रबंध के अलावा नगर के सीवज के नदी में गिरने से पूर्व अवरोधन, दिशा-परिवर्तन और उपचार करना शामिल है।

(ग) इन प्रस्तावों पर केन्द्र सरकार द्वारा सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है।

ब्रिटेन में भारतीय समुदाय के एक पूजास्थल को बन्द किया जाना

3567. श्री दिग्विजय सिंह : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लन्दन में भारतीय समुदाय के एक पूजास्थल को बन्द कर दिया गया है तथा इस पूजा स्थल के व्यवस्थापकों को परेशान करने के लिए उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही शुरू की जा रही है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस संबंध में वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की है तथा बन्द किये गये उस पूजास्थल को पुनः खुलवाने तथा यह सुनिश्चित करने के लिये कि व्यवस्थापकों को बिना कारण परेशान न किया जाये, अभी तक क्या कार्यवाही की है अथवा किये जाने का विचार है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर. एल. भाटिया) : (क) सरकार को इस बात की जानकारी है कि हर्टफोर्डशायर में भक्ति वेदान्त मेनोर का हिन्दु मंदिर के रूप में सतत् संचालन मंदिर प्रबन्ध मंडल और स्थानीय हर्टसमेर काउंसिल के बीच विवाद का विषय बना हुआ है।

(ख) यू. के. के पर्यावरण विभाग ने मन्दिर प्रबन्ध मण्डल द्वारा की गई एक अपील के आधार पर एक सार्वजनिक जांच बैठायी है जो चल रही है। यह एक ऐसा विषय है जिसे यू.के. के कानूनी तथा राजनीतिक परिप्रेक्ष में तय किया जाना होगा।

US House of representatives objection on extradition treaty with India

3568. SHRI K. R. MALKANI: Will the Minister ol EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state: